जागरण

# नकली शराब के साथ एक गिरफ्तार, जेल

Publish Date:Tue, 11 Jun 2019 06:15 PM (IST)



कथारा, (बेरमो) : सोमवार देर रात थर्मल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कथारा सब्जीमंडी में छापेमारी कर 11 बोतल नकली अंग्रेजी शराब एवं 35 लीटर महुवा शराब के साथ अर्जुन महतो को गिरफ्तार किया। थर्मल थाना प्रभारी उमेश ठाकुर ने बताया कि सूचना मिली थी की क्षेत्र के कई होटलों में अवैध तरीके से नकली शराब परोसने की सूचना मिली थी। जांच के दौरान नकली शराब विक्रेता अर्जुन महतो को रंगे हाथ अवैध नकली शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ठाकुर ने बताया कि नकली शराब का सेवन नहीं करना चाहिए, यह जहरीली हो सकती और जान भी जा सकती है। कहा अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। अभियान में सअनि सुरेश टोप्पो सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/bokaro-illegal-wine-sized-19303231.html